**कैंपस अलर्ट •** परीक्षा के लिए बने 23 केंद्र, एसएनएसवाई डिग्री कॉलेज में पूर्णिया कॉलेज के छात्रों का सेंटर

# बीए, बीएससी, बीकॉम की परीक्षा 17 जून से होगी

भास्कर न्यूज | पूर्णिया



पूर्णिया विश्वविद्यालय के सीबीसीएस सत्र 2024-28 की परीक्षा 17 जून से शुरू होगी। परीक्षा 28 जून तक चलेगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो अरविंद वर्मा ने बताया कि परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगी। दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

परीक्षा के लिए 23 केंद्र बनाए गए हैं। पूर्णिया कॉलेज में एसएनएसवाई डिग्री कॉलेज रामबाग और पीएसडी कॉलेज हरदा के छात्र परीक्षा देंगे। पूर्णिया महिला कॉलेज में एमएलए कॉलेज कसबा, राजकीय डिग्री कॉलेज बाइसी और एसआरपीबीडी कॉलेज डगरूआ के छात्र शामिल होंगे। जीएलएम कॉलेज बनमनखी में एजेएम कॉलेज बनमनखी के छात्र परीक्षा देंगे। बीएनसी कॉलेज धमदाहा में जीएलएम कॉलेज बनमनखी और एसडी कॉलेज बीकोठी के छात्र शामिल होंगे। एजेएम कॉलेज में आरएल कॉलेज माधवनगर और बीएनसी कॉलेज धमदाहा के छात्र परीक्षा देंगे। एसएनएसवाई डिग्री कॉलेज रामबाग पूर्णिया में पूर्णिया कॉलेज के छात्र शामिल होंगे।

## अररिया कॉलेज में एएमडी कॉलेज के विद्यार्थियों की होगी परीक्षा

अररिया कॉलेज में एएमडी कॉलेज अररिया के छात्र शामिल होंगे। फारबिसगंज कॉलेज में अररिया कॉलेज और जेडीएसएसएम कॉलेज फारबिसगंज के छात्र परीक्षा देंगे। एएमडी कॉलेज अररिया में केडी कॉलेज रानीगंज के छात्र परीक्षा देंगे। वाईएनपीडी कॉलेज रानीगंज में पीपल्स कॉलेज अररिया के छात्र परीक्षा देंगे। केडी कॉलेज रानीगंज में फारबिसगंज कॉलेज और एमएलडीपीकेवाई कॉलेज अररिया के छात्र परीक्षा देंगे। एमएलडीपीकेवाई कॉलेज अररिया में वाईएनपीडी कॉलेज रानीगंज और केएनडी कॉलेज भखरी कुर्साकांटा के छात्र परीक्षा देंगे। मारवाड़ी कॉलेज किशनगंज में नेहरू कॉलेज बहादुरगंज और आरकेएसएम कॉलेज किशनगंज के छात्र परीक्षा देंगे। नेहरू कॉलेज बहादुरगंज में एमएचएनडी कॉलेज ठाकुरगंज के छात्र शामिल होंगे। आरकेएसएम कॉलेज किशनगंज में मारवाड़ी कॉलेज किशनगंज के छात्र परीक्षा देंगे। प्रो वर्मा ने बताया कि सभी प्रिंसिपल और केंद्राधीक्षकों को सूचना दे दी गई है। सभी केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं।

## डीएस कॉलेज कटिहार में आरडीएस कॉलेज कटिहार के छात्र परीक्षा देंगे

डीएस कॉलेज कटिहार में आरडीएस कॉलेज कटिहार के छात्र परीक्षा देंगे। केबी झा कॉलेज कटिहार में एमजेएमएम कॉलेज कटिहार और एसआरसीडी कॉलेज कटिहार के छात्र शामिल होंगे। एसआरसीडी कॉलेज कटिहार में बीएम कॉलेज बरारी, और बलरामपुर कॉलेज के छात्र परीक्षा देंगे। सीमांचल बीएड कॉलेज कटिहार में डीएस कॉलेज कटिहार और बीडी कॉलेज बारसोई के छात्र परीक्षा देंगे। कटिहार टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में केबी झा कॉलेज कटिहार और एएन शहिदी कॉलेज निस्ता के छात्र परीक्षा देंगे।